हिन्दुस्तान देहरादून • बुधवार • 05 फरवरी 2020

# ग्रामीणों की आय बढ़ाने के तरीके बताए

रुड़की | कार्यालय संवाददाता

आईआईटी में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत चल रही कार्यशाला के दूसरे दिन ग्रामीण नेतृत्व विकास के बेहतर प्रबन्धन पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। ग्रामीणों की आय बढ़ाने के बारे में बताया गया।

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. आरडी सिंह ने जल संसाधन का उपयोग, सिंचाई और पेयजल का बेहतर प्रबन्धन विषय पर जानकारी दी। आईआईटी रुड़की के प्रो. रिदम सिंह ने ग्रामीण विकास में सौर ऊर्जा के उपयोग पर विचार रखे। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान गुवाहाटी के निदेशक प्रो. आरएम पंत ने संवाद प्रबन्धन के गुर प्रतिभागियों को बताए। उत्तराखंड मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी एलएम जोशी ने पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य पालन विकास को बढ़ावा देने व इसके प्रबन्धन की जानकारी दी। आईआईटी रुड़की की प्रो. उषा ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए टीम बनाने व उनके नेतृत्व की बारीकियों पर चर्चा की। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के तकनीकी अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को मेघदूत मौसम एप, परियोजना की वेबसाइट, सोशल मीडिया पेज, समाचार पत्रों व मोबाइल मैसेज के माध्यम से प्रतिभागियों को कृषि मौसम सलाहकार सेवाओं को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला मिशन प्रबन्धक की सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घल्डियाल, विशेषज्ञ भानु प्रताप, ब्लॉक मिशन प्रबन्धक लक्सर विकास विक्रम, खानपुर गुंजन लाल, नारसन मो. हारून, हरीश लखेड़ा सहित उन्नत भारत अभियान, आईआईटी रुड़की के समन्वयक प्रो. आशीष पाण्डेय, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के प्रो. मुकेश कुमार श्रीवास्तव, नितिन शर्मा, मौसम प्रेक्षक रोहित गिरी, नितिन वर्मा मौजूद रहे।

**कार्यशाला**

- आईआईटी रुड़की में उन्नत भारत अभियान कार्यशाला
- पेयजल का बेहतर प्रबंधन और सिंचाई पेयजल की जानकारी दी